| |
|---|
| **दिनांक 19.05.2023** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 20/2023** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद अलीगढ़/थाना खैर**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 04 हजार 400 रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 19.05.2023 को थाना खैर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जी.डी पब्लिक स्कूल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रविन्द्र उर्फ कमाऊ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के 04 हजार 400 रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानो में लूट, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना टप्पल पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खैर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रविन्द्र उर्फ कमाऊ निवासी बैलोठ थाना गोण्डा जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1—लूट के 04 हजार 400 रूपये नगद।

2—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस।

## जनपद भदोही/थाना सुरियावां

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 47 हजार रूपये नगद**
- **लूट के सोने के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद**

दिनांक 18.05.2023 को थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभिया वन के पास से 02 अभियुक्तों 1–हर्ष उर्फ अभिषेक 2–प्रिंस को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 47 हजार रूपये नगद, लूट के सोने के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.05.2023 को थाना सुरियावां क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सुरियावां पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण लूट की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त हर्ष उर्फ अभिषेक के विरूद्ध जनपद मीरजापुर, भदोही के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग एवं अभियुक्त प्रिंस के विरूद्ध जनपद भदोही, मीरजापुर, प्रयागराज के विभिन्न थानो में लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सुरियावां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–हर्ष उर्फ अभिषेक निवासी जगन्नाथपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही।

2–प्रिंस निवासी जगन्नाथपुर गोहिया थाना गोपीगंज जनपद भदोही।

**बरामदगी**

1–लूट के 47 हजार रूपये नगद।

2–लूट के सोने के आभूषण।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

## जनपद बाराबंकी/थाना बदोसराय

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 57 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण व सिक्के आदि**
- **चोरी की 02 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 18.05.2023 को थाना बदोसराय पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कसरैला डीह नहर पटरी के पास से 02 अभियुक्तों 1–अदनान 2–अमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 57 हजार रूपये नगद, चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण व सिक्के आदि, चोरी की 02 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त अदनान के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में चोरी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 12 अभियोग एवं अभियुक्त अमित के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण, मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बदोसराय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अदनान निवासी गणेशपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी।

2—अमित निवासी बरौलिया थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1—चोरी के 57 हजार रूपये नगद।

2—चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण व सिक्के आदि।

3—चोरी की 02 मोटर साइकिल।

4—02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना पुवायां

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 26 हजार 800 रूपये नगद**
- **चोरी के 05 मोबाइल फोन**
- **चोरी के चाँदी के आभूषण**
- **बैंक पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड आदि**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 19.05.2023 को थाना पुवायां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आनन्द मैरिज लॉन के पास से 03 अभियुक्तों 1—अरूण कुमार 2—विवेक कुमार 3—आकाश उर्फ आलोक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 26 हजार 800 रूपये नगद, चोरी के 05 मोबाइल फोन, चोरी के चाँदी के आभूषण, बैंक पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड आदि, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना पुवायां क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पुवायां पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना पुवायां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरूण कुमार निवासी कैथोलिया सथरा थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई।

2–विवेक कुमार निवासी ग्राम ककेडी थाना साण्डी जनपद हरदोई।

3–आकाश उर्फ आलोक निवासी ककेडी थाना साण्डी जनपद हरदोई, हालपता कैथोलिया सथरा थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1–चोरी के 26 हजार 800 रूपये नगद।

2–चोरी के 05 मोबाइल फोन।

3–चोरी के चाँदी के आभूषण।

4–बैंक पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड आदि।

5–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय कारतूस।

6–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद हरदोई/थाना बिलग्राम

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **03 हजार रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 19.05.2023 को थाना बिलग्राम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–कल्लू उर्फ अहसान 2–शाकिब को गिरफ्तार कर चोरी की घटना के

अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, 03 हजार रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना बिलग्राम क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटनाए कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बिलग्राम पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त कल्लू उर्फ अहसान के विरूद्ध जनपद हरदोई के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त शाकिब के विरूद्ध जनपद हरदोई के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बिलग्राम पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कल्लू उर्फ अहसान निवासी मो0खुर्दपुरा कस्बा व थाना बिलग्राम जनपद हरदोई।

2–शाकिब निवासी मो0मैदानपुरा कस्बा व थाना बिलग्राम जनपद हरोदई।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–03 हजार रूपये नगद।

3–01 मोबाइल फोन।

4–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद सीतापुर/थाना कमलापुर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 09 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के 01 हजार 400 लीटर डीजल 08 ड्रम में भरे हुए एवं 04 खाली ड्रम**
- **तेल चोरी करने के उपकरण आदि**
- **02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 डीसीएम वाहन आदि बरामद**

दिनांक 19.05.2023 को थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ककैयापारा के निकट चर्च के पास से 03 अभियुक्तों 1–रहीश 2–हासिम उर्फ राजा 3–जफरूद्दीन को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 09 हजार रूपये नगद, चोरी के 01 हजार 400 लीटर डीजल 08 ड्रम में भरे हुए एवं 04 खाली ड्रम, तेल चोरी करने के उपकरण आदि, 02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस, 01 डीसीएम वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कमलापुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटनाएं कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कमलापुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद डीजल आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त रहीश के विरूद्ध जनपद हापुड़ व सीतापुर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त हासिम उर्फ राजा व जफरूद्दीन के विरूद्ध भी चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कमलापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रहीश निवासी देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

2–हासिम उर्फ राजा निवासी देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

3–जफरूद्दीन निवासी देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 09 हजार रूपये नगद।

2–चोरी के 01 हजार 400 लीटर डीजल 08 ड्रम में भरे हुए एवं 04 खाली ड्रम।

3–तेल चोरी करने के उपकरण आदि।

4–02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

5–01 डीसीएम वाहन आदि।

## जनपद भदोही/थाना ज्ञानपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **36 हजार रूपये नगद**
- **03 लैपटॉप, 03 मोबाइल फोन, 09 सीपीयू, 12 मॉनिटर, 06 माउस, 02 प्रिंटर, 05 की बोर्ड, 53 मोहर, 618 पासबुक, 70 रजिस्टर व बैंक से सम्बन्धित अन्य कागजात आदि**
- **03 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 19.05.2023 को थाना ज्ञानपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–मुरारी कुमार 2–अशोक कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 36 हजार रूपये नगद, 03 लैपटॉप, 03 मोबाइल फोन, 09 सीपीयू, 12 मॉनिटर, 06 माउस, 02 प्रिंटर, 05 कीबोर्ड, 53 मोहर, 618 पासबुक, 70 रजिस्टर व बैंक से सम्बन्धित अन्य कागजात आदि, 03 चार पहिया वाहन बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त बिना स्वीकृत फर्जी बैंक के नाम पर भोले–भाले लोगो के पैसे को कम समय में दोगुना व तीगुना करने का लालच देकर फर्जी खाता खोलवाकर पैसा जमा कराते थे।

इस सम्बन्ध में थाना ज्ञानपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुरारी कुमार निवासी हरिहरपुर थाना चंदवक जनपद जौनपुर।

2–अशोक कुमार निवासी चूड़ी गली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1–36 हजार रूपये नगद।

2–03 लैपटॉप, 03 मोबाइल फोन, 09 सीपीयू, 12 मॉनिटर, 06 माउस, 02 प्रिंटर, 05 कीबोर्ड, 53 मोहर, 618 पासबुक, 70 रजिस्टर व बैंक से सम्बन्धित अन्य कागजात आदि।

3–03 चार पहिया वाहन।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–63**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 11 दो पहिया वाहन**
- **02 फर्जी नम्बर प्लेट आदि बरामद**

दिनांक 18.05.2023 को थाना सेक्टर–63 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एफएनजी रोड़ बहलोलपुर के पास से 03 अभियुक्तों 1–सोनू 2–फरमान 3–भोला उर्फ भगत उर्फ मोहित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 11 दो पहिया वाहन, 02 फर्जी नम्बर प्लेट आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–63 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सोनू निवासी जोहना थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर, वर्तमान पता तिगरी गोल चक्कर थाना बिसरख कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–फरमान निवासी जौहना थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर, वर्तमान पता खोडा कॉलोनी थाना खोडा कमिश्नरेट गाजियाबाद।

3–भोला उर्फ भगत उर्फ मोहित निवासी गढी चौखंडी थाना फेस–3 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 11 दो पहिया वाहन।

2–02 फर्जी नम्बर प्लेट आदि।

**जनपद बिजनौर/थाना रेहड़**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **51 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा**
- **60 अवैध कारतूस 12 बोर**
- **10 हजार 450 रूपये नगद**
- **05 मोबाइल फोन**
- **02 मोटर साइकिल, 01 पिकप वाहन आदि बरामद**

दिनांक 18.05.2023 को थाना रेहड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बादीगढ पंचतारा होटल के पास से 05 अभियुक्तों 1–खिलाप 2–प्रदीप उर्फ प्रताप 3–आकाश कुमार 4–शीशपाल 5–मोहित को अवैध गांजा की खरीद–बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 51 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा, 60 अवैध कारतूस 12 बोर, 10 हजार 450 रूपये नगद, 05 मोबाइल फोन, 02 मोटर साइकिल, 01 पिकप वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रेहड़ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–खिलाप निवासी बूरा थाना विकासनगर घाट जनपद चमोली उत्तराखण्ड।

2–प्रदीप उर्फ प्रताप निवासी बूरा थाना विकासनगर घाट जनपद चमोली उत्तराखण्ड।

3–आकाश कुमार निवासी रतूपुरा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद।

4–शीशपाल निवासी नरेन्द्रपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।

5–मोहित निवासी पूरनपुर थाना जसपुर जनपद उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड।

**बरामदगी**

1–51 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा।

2–60 अवैध कारतूस 12 बोर।

3–10 हजार 450 रूपये नगद।

4–05 मोबाइल फोन।

5–02 मोटर साइकिल, 01 पिकप वाहन आदि।

———————